Hindi Murli Quiz 16 -11 -2013

आप यहाँ से सिर्फ 20 मिनट की 3mb की ऑडियो mp3 मुरली डाउनलोड करके अच्छी तरह सुनके/पढके फिर ही क्विज करें. इससे १००/१०० आना आसान हो जायेगा :-)

धन्यवाद

ओम शांति

Q.1) इन्हें मिलाइये ------

	Choice	Match
A	मनुष्य दान पुण्य भी दूसरे जन्म अर्थात अल्पकाल के लिए ही करते हैं |	तुम अभी जो करते हो वह 21 जन्मों के लिए |
B	बाप कहते हैं तुम बच्चों को नयनों पर बिठाकर बड़े आराम से ले जाता हूँ |	तुमने बहुत दुःख उठाये हैं | अब कहता हूँ तुम मुझे याद करो |
C	बाप कहते हैं दिव्य दृष्टि की चाबी मैं अपने पास ही रखता हूँ |	यह भक्ति मार्ग में मेरे ही काम में आती है |
D	तुम्हारी यह तो बहुत छी-छी पुरानी खाल है, पार्ट बजाते अब इनको छोड़ना है |	बाबा ने युक्ति तो बताई है – मनमनाभव |
E	कहाँ भी जाओ बाप को याद करते रहो |	विकर्मों का बोझ सिर पर बहुत है | कर्मभोग चुक्तू करना होता है ना |

Explanation :

Q.2) "बाबा" शब्द ही _____ चाबी है, इसे सदा सम्भालकर रखो \| (आज के स्लोगन के अनुसार, नीचे दिए उत्तरों में केवल एक उत्तर ही सही है I उसे चयन कर उपरोक्त रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

A. सर्व सुखों की।

B. सर्व ख़ज़ानों की।

C. सर्व दुआओं की।

D. सर्व प्राप्तियों की।

Q.3) आज के वरदान के अनुसार : जब बच्चों में हर गुण, हर शक्ति निजी स्वरूप बन जाए, नेचर में आ जाये, याद करने की भी मेहनत नहीं करनी पड़े लेकिन याद में समाये रहें, तब कहेंगे _____ \| (नीचे दिए गए उत्तरों में केवल एक उत्तर ही सही है I उसे चयन करें)

A. गुणवान

B. संतुष्टमणि

C. मास्टर सर्वशक्तिमान

D. बाप समान

Q.4) इन्हें मिलाइये --

	Choice	Match
A	कुछ बच्चे हैं जो बाप से वर्सा लेने का पूरा-पूरा पुरुषार्थ करते हैं।	हर क़दम पर बाप की राय लेते हैं,बहुत याद करते हैं।
B	कुछ बच्चे हैं जो बाप को फ़ारकती देने का पुरुषार्थ करते हैं,	दुःख में फँसने के लिए तैय्यारी करते हैं।
C	मनुष्य दुखी बनने के लिए शादियों में कितना खर्चा करते हैं !	जो पवित्र पौधे हैं उनको अपवित्र बनाने का पुरुषार्थ किया जाता है |
D	बिना जाने ही मनुष्य गाते हैं तुम मात-पिता हम बालक तेरे ....|	तो कहना भी न कहने के बराबर हो जाता है |
E	माया बड़ी दुश्तर है, बहुतों को धोखा मिलता है |	कोई को काम की चमाट, कोई को मोह की चमाट लग जाती है |

Explanation :

Q.5) इस समय तो सब जड़जड़ीभूत अवस्था वाले तमोप्रधान हैं, फिर भी खास भारतवासियों को रजो-तमोगुणी क्यों कहा जाता है? क्योंकि यही सबसे ज्यादा तमोप्रधान हैं |दूसरे धर्म वालों ने न तो इतना सुख देखा है, न दुःख देखते है |वह अभी सुखी हैं तब तो इतना अनाज आदि भेजते रहते हैं |उन्हों की बुद्धि रजोप्रधान है |

A. False

B. True

Explanation : इस समय तो सब जड़जड़ीभूत अवस्था वाले तमोप्रधान हैं फिर भी खास भारतवासियों को रजो-तमोगुणी क्यों कहा जाता है? क्योंकि यही सबसे ज्यादा सतोप्रधान थे | दूसरे धर्म वालों ने न तो इतना सुख देखा है, न दुःख देखते है | वह अभी सुखी हैं तब तो इतना अनाज आदि भेजते रहते हैं | उन्हों की बुद्धि रजोप्रधान है |

Q.6) मुरली के अनुसार सतयुग में बच्चों को क्या बातें बिल्कुल पता नहीं होंगी **?** (नीचे दिए गए उत्तरों में से सभी सही उत्तरों को चयन कर फुल मार्क्स लीजिए)

A. यह सतयुग प्रायः लोप हो जायेगा,फिर त्रेता होगा।

B. हमारा पारलौकिक बाप कौन है।

C. सृष्टि का चक्र कैसे फिरता है।

D. हम आत्मा हैं।

Q.7) भल त्रेता में दो कला कम हो जाती हैं, तो भी उनको निर्विकारी दुनिया कहा जाता है |वहाँ विकार हो नहीं सकते क्योंकि रावण का राज्य द्वापर से शुरू होता है **।**

A. False

B. True

Q.8) माया बड़ी दुश्तर है |बहुतों को धोखा मिलता है |कोई को काम की चमाट, कोई को मोह की चमाट लग जाती है **।** माया किन बच्चों को चमाट लगाती है **?** (आज की मुरली के अनुसार सभी सही उत्तरों को टिक करके फुल मार्क्स लीजिये)

A. जो देह -अभिमान में रहते हैं।

B. जो अलबेले और आलसी हैं।

C. जो बाप को याद नहीं करते।

D. जो मुरली मिस करते।

Q.9) इन्हें मिलायें-------

	Choice	Match
A	देह-अभिमान में आना।	माया की चमाट लगना।
B	जो देही-अभिमानी बनकर रहेंगे।	वे बाप की हर श्रीमत का पालन कर सकेंगे।
C	माया ने मनुष्यों की बुद्धि बिल्कुल डेड कर दी है।	मनुष्य सृष्टि का रचयिता मात-पिता होगा- इतनी साधारण बात बुद्धि में नहीं बैठती।
D	सभी आत्माओं का फादर एक है।	सभी जिस्मों का फादर एक हो नहीं सकता।
E	श्रीमत पर क़दम-क़दम चलो।	नहीं तो कोई समय माया बड़ा धोखा देगी।

Explanation :

Q.10) श्रीमत पर पूरा पुरुषार्थ करना है, तब ही श्रेष्ठ पद पा सकेंगे |नहीं तो पीछे सज़ा खाने समय बहुत पछतायेंगे |यह बाप भी है तो _____ भी है |पतित दुनिया में आकर बच्चों को **21** जन्मों के लिए स्वराज्य देता हूँ |अगर फिर कोई विनाशकारी कर्तव्य किया तो पूरी सज़ा खायेंगे **।** (मुरली के अनुसार, नीचे दिए उत्तरों में केवल एक ही उत्तर सही है**।** उससे उपरोक्त रिक्त स्थान को भरके फुल मार्क्स लीजिए **)**

A. धर्मराज

B. सदगुरु

C. सुप्रीम टीचर